https://cm.jharkhand.gov.in/

मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 14/04/2026

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति -158/2026
14 अप्रैल 2026
श्री राम जानकी तपोवन मंदिर, निवारणपुर, रांची
========================

★ मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने निवारणपुर, रांची स्थित श्री राम जानकी तपोवन मंदिर में की पूजा-अर्चना।
========================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन ने आज निवारणपुर, रांची स्थित श्री राम जानकी तपोवन मंदिर में पूजा-अर्चना कर समस्त झारखंड वासियों की सुख, समृद्धि, खुशहाली एवं उन्नति की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने श्री राम जानकी तपोवन मंदिर नवनिर्माण कार्यों की प्रगति का अवलोकन किया। मौके पर मुख्यमंत्री को श्री राम जानकी तपोवन मंदिर नवनिर्माण समिति, रांची के सदस्यों ने मंदिर के नवनिर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति और आगामी चरणों की विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर मंदिर के महंत श्री ओमप्रकाश शरण, मंदिर नव निर्माण समिति के श्री प्रणय कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

========================#Team PRD(CMO)